समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# 2057 तक पुणे मेट्रो से रोजाना 3.49 लाख यात्रियों की उम्मीद, 3626 करोड़ का महापरियोजना शुरू।

Publisher

Published on 25 Jun 2025



## केद्रं सरकार ने दी मंजूरी, वनाज-चांदणी चौक और रामवाड़ी-वाघोली तक बढ़ेगा मेट्रो नेटवर्क।

**पुणे मेट्रो : पुणे मे मेट्रो नेटवर्क** के दूसरे चरण को **केद्रं सरकार की मंजूरी** मिल गई है। **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** की अध्यक्षता में हुई **केद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक मे इंस योजना पर मुहर** लगी। नई परियोजना के तहत **वनाज-चांदणी चौक (कॉरिडोर 2A)** और **रामवाड़ी-वाघोली/विठ्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2B) तक मेट्रो लाइन** का विस्तार किया जाएगा। **कुल 12.75 किलोमीटर** की लंबाई में फैली इस **मेट्रो लाइन पर 13 स्टेशन बनेगें** जो **कोथरूड, खराड़ी, वाघोली** जैसे प्रमुख उपनगरों को जोड़ेंगे।

इस विस्तार के लिए कुल अनुमानित लागत **3626.24 करोड़ रुपये** तय की गई है। यह राशि **केद्रं सरकार, महाराष्ट्र सरकार और द्विपक्षीय अथवा बहुपक्षीय एजेसिंयों** द्वारा साझा रूप से वहन की जाएगी। इस प्रोजेक्ट को चार साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह विस्तार रणनीतिक रूप से मौजूदा **वनाज-रामवाड़ी कॉरिडोर** का हिस्सा रहेगा और **पुणे की समग्र गतिशीलता योजना (CMP)** के अनुरूप **पूर्व-पश्चिम दिशा** में सार्वजनिक परिवहन को मजबूती देगा।

इस परियोजना के अंतर्गत **जिला न्यायालय स्टेशन को इंटरचेजं स्टेशन** के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे **लाइन-1 (निगड़ी-कात्रज) और लाइन-3 (हिंजवड़ी-जिला न्यायालय) से कनेक्टिविटी** मिलेगी। इसके चलते **मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट** को बढ़ावा मिलेगा।

योजना के अनुसार **मुंबई, बेगंलुरु, छत्रपति संभाजीनगर** और अन्य शहरों से आने वाली **अंतरशहरी बसों को चांदणी चौक** और **वाघोली** में **मेट्रो नेटवर्क** से जोड़ा जाएगा। इससे **पौड रोड** और **नगर रोड** जैसे मुख्य मार्गों पर **ट्रैफिक** कम होगा और यात्रियों को **तेज, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ट्रांसपोर्ट** विकल्प मिलेगा।

भविष्य की यात्री संभावनाओं की बात करें तो **2027 मे इंस कॉरिडोर से 0.96 लाख, 2037 मे 2.01 लाख, 2047 मे 2.87 लाख और 2057 मे 3.49 लाख यात्री रोजाना मेट्रो** का उपयोग करेंगे। यह परियोजना **महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महा-मेट्रो)** द्वारा संचालित की जाएगी। निर्माण से पहले की तैयारियां जैसे स्थ**ल परीक्षण, सर्वे** और **डिज़ाइन** कार्य पहले ही शुरू हो चुके हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.